हरिभूमि

सागर-चम्बल भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, रविवार 4 अक्टूबर 2026

सागर | खुरई | बांदरी | जरुआखेड़ा | बीना | बंडा | राहतगढ़

04 फायरिंग कर बंदूक की दम पर बन रहे थे बाहुबली...



07 कांग्रेस ने लगाया एनएच 552 निर्माण में घटिया...



खबर संक्षेप

जन समस्या निवारण शिविर आज, विभागीय योजनाओं की मिलेगी जानकारी

गढ़ाकोटा। सेवा सेतु अभियान एवं सरकार आपके द्वार अभियान के तहत एक दिवसीय जन समस्या निवारण शिविर का आयोजन रविवार को सुशीला भार्गव शादी घर में किया जाएगा। शिविर में विभिन्न विभागों के स्टॉल लगाए जाएंगे, जहां नागरिकों को विभागीय योजनाओं, पात्रता शर्तों एवं आवेदन की प्रक्रिया की जानकारी देने के साथ पात्र हितग्राहियों से आवेदन भी लिए जाएंगे।नपाध्यक्ष श्रीमती संगीता तिवारी ने नागरिकों से अपील की है कि वे अपनी पात्रता के अनुसार संबंधित विभागीय स्टॉल पर पहुंचकर योजनाओं का लाभ लें। वहीं सीएमओ धनंजय गुमास्ता ने बताया कि शिविर की जानकारी अधिक से अधिक लोगों तक पहुंचाने के लिए नगर में मुनादी एवं प्रचार-प्रसार कराया गया है।शिविर का आयोजन सुबह 11 बजे से शाम 5 बजे तक होगा।

मोतीनगर पुलिस ने स्थायी वारंटी गिरफ्तार किया

सागर। फरार आरोपियों और वारंटियों की धरपकड़ के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत मोतीनगर पुलिस ने स्थायी वारंटी संकेत पिता लक्ष्मण अहिरवार, निवासी शास्त्री वार्ड को गिरफ्तार किया।मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने 2 अक्टूबर को कार्रवाई कर वारंटी को दस्तयाब किया। न्यायालय में पेश करने के बाद जेल वारंट प्राप्त होने पर उसे केंद्रीय जेल सागर में न्यायिक अभिरक्षा में दाखिल कराया गया।कार्रवाई में थाना प्रभारी निरीक्षक जसवंत सिंह राजपूत, प्रधान आरक्षक अशोक सुमन, आरक्षक अभिषेक चौहान एवं गौरव सेन की सराहनीय भूमिका रही।

विशेष गहन पुनरीक्षण में छूटे मतदाता बीएलओ से करा सकते हैं पंजीयन

सागर। भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार विशेष गहन पुनरीक्षण के संचालन से संबंधित जारी निर्देशों की ओर ध्यान आकर्षित कराते हुए ऐसे पात्र मतदाता, जो विशेष गहन पुनरीक्षण के पश्चात नामावली में जुड़ने से वंचित रह गए हैं तथा ऐसे युवा/प्रथम बार पात्र सभी मतदाताओं से आग्रह किया गया है कि वे बीएलओ से प्ररूप-6 में आवेदन प्रस्तुत कर निर्वाचक नामावली में पंजीकृत हो सकेंगे। ऐसे मतदाता जिनके नाम, लिंग, आयु एवं फोटो में कोई विसंगति है, वे बीएलओ के पास उपलब्ध मतदाता सूची का अवलोकन कर उसके सुधार हेतु बीएलओ से प्ररूप-8 प्राप्त कर उसमें सुधार के लिए अपना आवेदन पत्र प्रस्तुत करें। इसके साथ ही ऑनलाइन वोटर पोर्टल अथवा वोटर हेल्पलाइन एप के माध्यम से भी आवेदन प्रस्तुत किया जा सकता है। किसी भी समस्या के लिए संबंधित विधानसभा क्षेत्र के निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी कार्यालय में संपर्क कर जानकारी प्राप्त की जा सकती है।

कन्या छात्रावासों में लगाया स्वास्थ्य परीक्षण एवं जागरूकता शिविर

सागर। जिला आयुष विभाग द्वारा आयुर्वेद के प्रति जागरूकता उत्पन्न करने के उद्देश्य से निरंतर नवाचार किए जा रहे हैं। इसी क्रम में जिला आयुष अधिकारी डॉ. जोगेंद्र सिंह ठाकुर के मार्गदर्शन में एक्सीलेंस गर्ल्स हॉस्टल तहसीली और सीनियर गर्ल्स हॉस्टल रिमझिरिया सागर में स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में डॉ. पारुल सारस्वत और डॉ. अर्पित दयादान द्वारा छात्राओं को पोषण युक्त आहार, आयुर्वेद को दैनिक दिनचर्या में शामिल करने, पर्सनल हाइजीन और स्वस्थ जीवन शैली के बारे में जानकारी दी गई। साथ ही योग सत्र का आयोजन कर जीवन में योग एवं आयुर्वेद के माध्यम से खुशहाल जीवन जीने के महत्व के बारे में बताया गया।

सुरखी में जन-समस्या निवारण शिविर में उमड़ा जनसैलाब

यह भाषण सुनाने का नहीं, समस्याओं के समाधान का शिविर : मंत्री गोविंद राजपूत

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर



मुख्यमंत्री जन विश्वास अभियान के तहत शनिवार को सुरखी में आयोजित जन-समस्या निवारण शिविर में बड़ी संख्या में ग्रामीण अपनी समस्याएं लेकर पहुंचे। शिविर में खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री गोविंद सिंह राजपूत ने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि आमजन से प्राप्त आवेदनों का गंभीरता से परीक्षण कर उनका समय-सीमा में निराकरण किया जाए। उन्होंने कहा कि यह मंच केवल भाषण सुनने-सुनाने के लिए नहीं, बल्कि जनता की समस्याओं के समाधान के लिए है।

मंत्री राजपूत ने कहा कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की पहल पर प्रदेशभर में जिला, खंड और नगरीय निकाय स्तर पर जन-समस्या निवारण शिविर लगाए जा रहे हैं। इन शिविरों का उद्देश्य प्रशासन को जनता के बीच पहुंचाना और लोगों की समस्याओं का मौके पर समाधान करना है। उन्होंने कहा कि आज कलेक्टर से लेकर पूरा प्रशासनिक अमला जनता के बीच मौजूद है। सरकार और जिला प्रशासन स्वयं चलकर आपके द्वार आया है। आमजन शिविर का लाभ उठाएं, अधिकारियों के समक्ष अपनी समस्या रखें और पात्रता के अनुसार शासन की योजनाओं का लाभ लें।

मंत्री ने शिविर में लगाए गए विभिन्न विभागों के स्टॉलों का निरीक्षण कर योजनाओं और सेवाओं की जानकारी ली। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि लोगों द्वारा दिए गए आवेदनों को औपचारिकता न मानें, बल्कि उनकी गंभीरता से जांच कर नियमानुसार निराकरण करें। उन्होंने समय-सीमा में कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। राजपूत ने संबल योजना, स्वामित्व योजना सहित शासन की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी देते हुए कहा कि योजनाओं का उद्देश्य समाज के अंतिम व्यक्ति तक लाभ पहुंचाना है। उन्होंने ग्रामीणों से अपील की कि वे पात्रता के अनुसार योजनाओं का लाभ लेने के लिए विभागीय अधिकारियों से जानकारी प्राप्त करें।

तीन दिन में निराकरण के निर्देश

कलेक्टर प्रतिभा पाल ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि शिविर में प्राप्त आवेदनों का यथासंभव मौके पर ही निराकरण किया जाए। जिन मामलों में जांच अथवा प्रक्रिया पूरी करने के लिए समय आवश्यक है, उनका तीन दिवस के भीतर निराकरण सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि किसी भी पात्र व्यक्ति को अनावश्यक रूप से कार्यालयों के चक्कर न लगाने पड़ें।

कलेक्टर ने कृषि विभाग की योजनाओं, खाद-बीज की उपलब्धता, कृषि यंत्रों पर मिलने वाले अनुदान सहित किसानों के लिए संचालित योजनाओं की जानकारी भी दी। महिलाओं से स्व-सहायता समूहों से जुड़कर आर्थिक गतिविधियों का लाभ लेने का आह्वान किया। स्वास्थ्य विभाग की सेवाओं का उल्लेख करते हुए उन्होंने एएनएम और स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं को पात्र बच्चों तथा गर्भवती महिलाओं का समय पर टीकाकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

विभागीय स्टॉलों पर दी गई योजनाओं की जानकारी

शिविर में विभिन्न विभागों के जिला स्तरीय अधिकारियों ने स्टॉल लगाकर आमजन को योजनाओं की पात्रता, आवेदन प्रक्रिया और मिलने वाले लाभों की जानकारी दी। ग्रामीणों ने विभागीय अधिकारियों से अपनी समस्याओं के संबंध में चर्चा कर आवेदन भी प्रस्तुत किए।इस अवसर पर नगर परिषद अध्यक्ष सीता औंकार सिंह, जिला पंचायत सीईओ जगदीश कुमार गोमे, संयुक्त कलेक्टर रवीश श्रीवास्तव, एसडीएम रोहित वर्मा सहित क्षेत्र के जनप्रतिनिधि, अधिकारी और बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

साइबर अपराधों की गुत्थियां सुलझाने वाली कल्पना को रुस्तम जी पुरस्कार

सागर की उप निरीक्षक कल्पना गुप्ता का 'विशिष्ट श्रेणी' में चयन, 50 हजार रुपए और प्रमाण-पत्र से होंगी सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर



तकनीक के बदलते दौर में साइबर अपराधियों से मुकाबला कर अपनी तकनीकी दक्षता और कर्तव्यनिष्ठा की मिसाल पेश करने वाली सागर की उप निरीक्षक कल्पना गुप्ता का प्रतिष्ठित के.एफ. रुस्तम जी पुरस्कार (2024-25) की 'विशिष्ट श्रेणी' में चयन हुआ है। उन्हें पुरस्कार स्वरूप 50 हजार रुपए की राशि एवं प्रमाण-पत्र प्रदान किया जाएगा।वर्तमान में पुलिस महानिरीक्षक कार्यालय, सागर जोन के साइबर सेल में पदस्थ कल्पना गुप्ता ने जटिल साइबर अपराधों की जांच, तकनीकी साक्ष्यों के विश्लेषण और अपराध नियंत्रण में उल्लेखनीय योगदान दिया है। बदलते डिजिटल अपराधों के बीच उनकी सूझबूझ और तकनीकी दक्षता ने उन्हें यह प्रतिष्ठित सम्मान दिलाया।कल्पना की यह उपलब्धि केवल एक अधिकारी का सम्मान नहीं, बल्कि साइबर अपराधों के खिलाफ पुलिस की तकनीकी क्षमता और नागरिकों की डिजिटल सुरक्षा के प्रयासों की पहचान भी है। उनके चयन से सागर पुलिस और सागर जोन का गौरव बढ़ा है।वरिष्ठ अधिकारियों एवं साथी पुलिस कर्मियों ने उनकी उपलब्धि पर बधाई देते हुए इसे विभाग के अन्य अधिकारी-कर्मचारियों के लिए निष्ठा, मेहनत और समर्पण की प्रेरणा बताया।



गांधी जयंती पर काव्यायन ने किया अधिवक्ताओं साहित्यकारों व समाजसेवियों का सम्मान

सागर। महात्मा गांधी एवं पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती पर काव्यायन साहित्यिक एवं सांस्कृतिक संस्था ने साहित्यिक-सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किया। इसमें कविता पाठ, सांस्कृतिक प्रस्तुतियां, प्रश्नोत्तरी और गांधीजी के विचारों पर विमर्श हुआ।कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रसिद्ध उपन्यासकार एवं कवयित्री शरद सिंह ने की। उन्होंने गांधीजी के व्यक्तित्व और उनके विचारों की प्रासंगिकता पर प्रकाश डालते हुए अपनी पुस्तक 'राष्ट्रवादी व्यक्तित्व महात्मा गांधी' संस्था को भेंट की तथा 'गांधी होना आसान नहीं' रचना का पाठ किया। इस अवसर पर भारतीय सेना की तीनों सेनाओं से सेवानिवृत्त अधिकारी जेपी गोस्वामी, बीके गौतम एवं एमजी शर्मा सहित साहित्य एवं समाजसेवा के क्षेत्र में योगदान देने वाली ममता भूरिया का सम्मान किया गया। जिला अधिवक्ता संघ के नव निर्वाचित अध्यक्ष अंकलेश्वर दुबे, उपाध्यक्ष उत्कर्ष श्रीवास्तव सहित अन्य अधिवक्ताओं को भी शाल-श्रीफल से सम्मानित किया गया। विशिष्ट अतिथि डॉ. हिमांशु कंबीर, डॉ. अपर्णा श्रीवास्तव एवं डॉ. प्रज्ञा दुबे ने सत्य, अहिंसा और सामाजिक समरसता पर विचार रखे। संस्था के अध्यक्ष रामनरेश सिंह राजपूत ने गांधीजी के विचारों एवं आर्थिक चिंतन को आज भी प्रासंगिक बताया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में साहित्यकार, अधिवक्ता, समाजसेवी एवं साहित्यप्रेमी उपस्थित रहे।



सागर। महालक्ष्मी पर्व पर जवाहर गंज वार्ड स्थित गोंड बब्बा मंदिर में महिलाओं द्वारा महालक्ष्मी की पूजा की गई ।

35 थाना क्षेत्रों में जनचौपाल, जनता से संवाद

अपराध रोकथाम के लिए पुलिस ने मांगा सहयोग, अवैध शराब-नशे की सूचना देने की अपील

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर

पुलिस और जनता के बीच विश्वास मजबूत करने तथा अपराधों की रोकथाम के लिए सागर पुलिस जिले के सभी 35 थाना क्षेत्रों में जन चौपाल आयोजित कर रही है। पुलिस अधिकारी गांव, मोहल्लों और सार्वजनिक स्थानों पर पहुंचकर नागरिकों की समस्याएं सुनने के साथ कानून-व्यवस्था से जुड़े मुद्दों पर संवाद कर रहे हैं।पुलिस अधीक्षक अनुराग सुजानिया के निर्देशन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक जयवीर सिंह भदौरिया एवं नरेंद्र सोलंकी के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी और बीट अधिकारी जन चौपाल के माध्यम से महिला सुरक्षा, यातायात, सामाजिक विवाद और अपराध नियंत्रण पर लोगों से चर्चा कर रहे हैं।पुलिस ने नागरिकों से क्षेत्र में सक्रिय असामाजिक तत्वों, संदिग्ध गतिविधियों तथा अवैध शराब, मादक पदार्थ, जुआ-सट्टा जैसी गतिविधियों की जानकारी तत्काल देने की अपील की है। युवाओं को नशे से दूर रहने के लिए भी जागरूक किया जा रहा है।अवैध शराब की सूचना के लिए हेल्पलाइन 7701055235 जारी की गई है। पुलिस के अनुसार सूचना देने वाले व्यक्ति की पहचान गोपनीय रखी जाएगी।पुलिस ने कहा कि जन चौपाल का उद्देश्य केवल शिकायतें सुनना नहीं, बल्कि स्थानीय समस्याओं को समझकर जनसहयोग से अपराधों की रोकथाम करना है। नागरिकों से अपील की गई है कि वे पुलिस के साथ सक्रिय सहभागिता कर सुरक्षित वातावरण बनाने में सहयोग करें।

कलेक्टर के सख्त निर्देश : हाईरिस्क प्रेग्नेंसी का एक भी केस न छूटे, प्रत्येक मामले की हो गहन निगरानी

समुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सुरखी का औचक निरीक्षण; ओपीडी, दवा स्टॉक और प्रसव कक्ष का लिया जायजा कंप्यूटर रिकॉर्ड और स्टोर में उपलब्ध दवाओं का शत-प्रतिशत मिलान करने के दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर



मुख्यमंत्री जन विश्वास अभियान के अंतर्गत स्वास्थ्य सेवाओं को धरातल पर परखने के उद्देश्य से कलेक्टर प्रतिभा पाल ने आज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सुरखी का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने ओपीडी, दवा स्टोर, पैथोलॉजी लैब, प्रसव कक्ष, पीएनसी वार्ड और वैक्सीनेशन कक्ष सहित विभिन्न अनुभागों की व्यवस्थाओं का बारीकी से परीक्षण किया।

कलेक्टर ने ओपीडी की स्थिति का जायजा लेने के बाद मुख्य दवा स्टोर का निरीक्षण किया। उन्होंने दवा वितरण एवं स्टॉक संचालन प्रक्रिया की जानकारी लेते हुए अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि कंप्यूटर पोर्टल पर दर्ज दवा स्टॉक और स्टोर रूम में भौतिक रूप से उपलब्ध दवाओं की मात्रा का शत-प्रतिशत मिलान होना चाहिए।

उन्होंने पैथोलॉजी लैब की जांच प्रक्रियाओं की समीक्षा करते हुए निर्देश दिए कि मरीजों को सभी प्रकार की पैथोलॉजिकल रिपोर्ट समय-सीमा में उपलब्ध कराई जाए, ताकि उनके उपचार में अनावश्यक विलंब न हो। इसके अतिरिक्त, कैश बैंक मैपिंग के फॉलोअप और फोकल पॉइंट कक्ष में जीवन रक्षक एंटीवेनम सहित उपलब्ध स्वास्थ्य सुविधाओं के व्यापक प्रचार-प्रसार के निर्देश भी दिए।

निरीक्षण के दौरान कलेक्टर पाल ने पीएनसी वार्ड और प्रसव कक्ष का निरीक्षण किया। उन्होंने वहाँ भर्ती प्रसूताओं एवं उनके परिजनों से सीधे बातचीत कर स्वास्थ्य सेवाओं का फीडबैक लिया। उन्होंने परिजनों से स्वास्थ्य केंद्र पहुँचने के समय, रेफरल प्रक्रिया और मिलने वाले उपचार की गुणवत्ता के संबंध में जानकारी प्राप्त की। और बीएमओ को दिए निर्देश कि हाईरिस्क प्रेग्नेंसी के प्रकरणों की समीक्षा करते हुए कलेक्टर ने नर्सिंग स्टाफ एवं स्वास्थ्य अधिकारियों से विस्तृत जानकारी ली। उन्होंने ब्लॉक मेडिकल ऑफिसर को निर्देशित करते हुए कहा कि क्षेत्र में चिह्नांकित हाईरिस्क प्रेग्नेंसी के प्रत्येक मामले की निरंतर मॉनिटरिंग की जाए। एचआरपी गर्भवती महिलाओं को समय रहते स्वास्थ्य केंद्र लाया जाए और उपचार उपरांत केस का विधिवत एवं समयबद्ध क्लोजर सुनिश्चित किया जाए।

उन्होंने स्पष्ट किया कि हाईरिस्क प्रेग्नेंसी का एक भी केस निगरानी से छूटना नहीं चाहिए, ताकि मातृ एवं शिशु मृत्यु दर को न्यूनतम किया जा सके। कलेक्टर ने समस्त डॉक्टरों, नर्सिंग स्टाफ एवं कर्मचारियों से कहा कि शासन की जन कल्याणकारी स्वास्थ्य योजनाओं का लाभ प्रत्येक पात्र हितग्राही तक पारदर्शी और त्वरित रूप से पहुँचाया जाए।

निरीक्षण के दौरान एसडीएम रोहित वर्मा, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. देवेश पटेरिया सहित अस्पताल के वरिष्ठ चिकित्सक एवं स्वास्थ्य अमला उपस्थित रहा।



सेवा संकल्प अभियान के तहत आंगन वाड़ी मिलन समारोह आयोजित

सागर। सेवा संकल्प अभियान के तहत परियोजना सागर शहरी-01, सेक्टर-3 अंतर्गत आंगनवाड़ी मिलन समारोह का आयोजन आंगनवाड़ी केंद्र क्रमांक-70, तिलकगंज में किया गया। समारोह में बच्चों और महिलाओं के साथ विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया गया। इस दौरान आंगनवाड़ी केंद्र की गतिविधियों, बच्चों की सहभागिता तथा महिलाओं से संबंधित विषयों पर जानकारी साझा की गई। महिलाओं से संवाद कर उनकी समस्याओं, आवश्यकताओं एवं आंगनवाड़ी केंद्र से मिलने वाली सेवाओं के संबंध में चर्चा की गई।कार्यक्रम में वार्ड पार्षद शैलेश केशरवानी, आंगनवाड़ी केंद्र क्रमांक-70 की कार्यकर्ता श अंजना काछी, सहायिका खुशबू चढ़ार तथा सामाजिक कार्यकर्ता पूनम मेवाती उपस्थित रहीं। इसके साथ ही वार्ड की सभी आंगनवाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिकाएं, बच्चे और महिलाएं भी समारोह में शामिल हुए। कार्यक्रम के माध्यम से आंगनवाड़ी केंद्र की सेवाओं से जुड़ाव और सामुदायिक सहभागिता को बढ़ावा देने का संदेश दिया गया।

आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं का सम्मान, स्वास्थ्य जांच के साथ योजनाओं का मिला लाभ

मालथौन-खुरई में सेवा सेतु शिविर, हितग्राहियों को करोड़ों की सहायता

हरिभूमि न्यूज ⏭ खुरई



सेवा संकल्प अभियान के तहत शनिवार को मालथौन और खुरई में सरकार आपके द्वार के अंतर्गत ब्लॉक स्तरीय सेवा सेतु स्वास्थ्य शिविर आयोजित किए गए। मालथौन में आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं एवं सहायिकाओं के सराहनीय कार्य के लिए करीब 200 कर्मियों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। जिला पंचायत की पूर्व उपाध्यक्ष सरोज भूपेन्द्र सिंह ने कहा कि अभियान का उद्देश्य शासन की योजनाओं को आमजन तक पहुंचाना और उनकी समस्याओं का मौके पर निराकरण करना है। उन्होंने आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं से गर्भवती महिलाओं, बच्चों और पात्र हितग्राहियों को योजनाओं का लाभ दिलाने में सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया।

मालथौन शिविर में संबल के छह हितग्राहियों को 16 लाख रुपए, सामाजिक सुरक्षा पेंशन के 10 हितग्राहियों तथा मनरेगा की मां की बगिया योजना के पांच हितग्राहियों को पांच लाख रुपए की सहायता दी गई। आजीविका मिशन के 30 स्व-सहायता समूहों को 1.05 करोड़ रुपए का क्रेडिट लिंकेज लाभ मिला। वहीं एक परिवार को संबल योजना के तहत चार लाख रुपए की सहायता प्रदान की गई।खुरई शिविर में विभिन्न विभागों से संबंधित 307 आवेदन प्राप्त हुए, जिनमें से 48 का मौके पर निराकरण किया गया। मालथौन में 171 आवेदन मिले और इनमें से 68 का तत्काल निराकरण किया गया। स्वास्थ्य शिविर में बीपी, शुगर सहित विभिन्न जांचें निःशुल्क की गईं तथा विभागीय स्टॉलों पर योजनाओं की जानकारी दी गई।

सरोज सिंह ने बताया कि सेवा संकल्प अभियान के तहत विधानसभा क्षेत्र में लगातार स्वास्थ्य, स्वच्छता, आंगनवाड़ी और हितलाभ वितरण सहित विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। उन्होंने नागरिकों से शिविरों में पहुंचकर अपनी समस्याएं रखने और पात्रता के अनुसार शासन की योजनाओं का लाभ लेने की अपील की।कल नगरीय निकायों में शिविरः 4 अक्टूबर को खुरई विधानसभा क्षेत्र के सभी नगरीय निकायों में सेवा सेतु सरकार आपके द्वार शिविर आयोजित होंगे। खुरई में पूर्व गृहमंत्री एवं विधायक भूपेन्द्र सिंह तथा बांदरी और बरोदियाकलां में सरोज भूपेन्द्र सिंह उपस्थित रहेंगी।

तक्षशिला स्कूल में नशा मुक्ति, स्वच्छता अभियान और चित्रकला प्रतियोगिता आयोजित

खुरई। तक्षशिला कान्वेंट/ हायर सेकेंडरी स्कूल में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की जयंती के अवसर पर विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इस दौरान विद्यालय परिसर में स्वच्छता अभियान, नशामुक्ति जागरूकता कार्यक्रम एवं चित्रकला प्रतियोगिता आयोजित की गई। कार्यक्रम में राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) के स्वयंसेवकों के साथ बड़ी संख्या में छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। चित्रकला प्रतियोगिता के दौरान विद्यार्थियों ने महात्मा गांधी के जीवन, विचारों, स्वच्छता और नशामुक्ति जैसे विषयों को अपनी कलाकृतियों के माध्यम से प्रस्तुत किया। तक्षशिला कान्वेंट के बच्चों ने विद्यालय परिसर में महात्मा गांधी की मनमोहक आकृति बनाकर अपनी कला, रचनात्मकता और देशभक्ति का अद्भुत प्रदर्शन किया। विद्यार्थियों ने स्वच्छता का संदेश देते हुए परिसर की साफ-सफाई भी की।स्कूल संचालक संजय दुबे ने कहा कि महात्मा गांधी के विचार आज भी समाज के लिए प्रेरणादायक हैं। विद्यार्थियों को उनके जीवन से स्वच्छता, अनुशासन, सत्य और अहिंसा की सीख लेकर उसे अपने जीवन में अपनाना चाहिए।

मोहनगढ़ तिगैला शराब दुकान पर फायरिंग और लूट का खुलासा, मुख्य आरोपी समेत 3 गिरफ्तार

फायरिंग कर बंदूक की दम पर बन रहे थे बाहुबली, पुलिस ने 24 घंटे में दिखाया आईना





हरिभूमि न्यूज ⏭ टीकमगढ़

मोहनगढ़ तिगैला स्थित शराब दुकान पर बंदूक की दम पर दहशत फैलाकर फायरिंग और लूट की वारदात को अंजाम देने वाले आरोपियों को पुलिस ने महज 24 घंटे के भीतर गिरफ्तार कर यह साफ कर दिया कि अपराधियों के लिए कानून की पकड़ से बचना आसान नहीं है। शराब दुकान पर सेल्समैन को जान से मारने की नीयत से पिस्टल से फायरिंग करने और दुकान के अंदर घुसकर लूटपाट करने वाले तीन आरोपियों को थाना देहात पुलिस ने हथियार सहित गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने मुख्य आरोपी के कब्जे से वारदात में इस्तेमाल 32 बोर की पिस्टल, जिंदा कारतूस और ब्रेजा कार बरामद की है। मामले में शामिल एक अन्य आरोपी की तलाश जारी है।

शराब दुकान में की थी फायरिंग व शराब लूट

घटना 1 अक्टूबर की दरम्यानी रात थाना देहात क्षेत्र के मोहनगढ़ तिगैला स्थित शराब दुकान पर हुई थी। पुलिस के अनुसार शिवराजपुरा निवासी कुलदीप यादव अपने साथियों के साथ ब्रेजा कार से शराब दुकान पहुंचा। आरोपियों ने वहां मौजूद सेल्समैन पर कथित रूप से जान से मारने की नीयत से पिस्टल से फायरिंग की और इसके बाद शराब दुकान के अंदर घुसकर लूट की वारदात को अंजाम दिया। अचानक हुई फायरिंग और लूट की घटना से इलाके में दहशत का माहौल बन गया था।

होटल में छिपा मिला मुख्य आरोपी

पुलिस के अनुसार आरोपियों की तलाश के दौरान टीम को विश्वसनीय मुखबिर से सूचना मिली कि वारदात का मुख्य आरोपी कुलदीप यादव टीकमगढ़ स्थित कान्हा होटल में छिपा हुआ है। सूचना मिलते ही पुलिस टीम ने बिना समय गंवाए होटल की घेराबंदी की और कुलदीप यादव को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से वारदात में इस्तेमाल की गई 32 बोर की पिस्टल और एक जिंदा कारतूस बरामद किया। इसके साथ ही घटना में प्रयुक्त ब्रेजा कार को भी जब्त किया गया है। मुख्य आरोपी की गिरफ्तारी के बाद पुलिस ने उसके साथियों की तलाश तेज कर दी।

एक के बाद एक दो और आरोपी गिरफ्तार

मुख्य आरोपी की गिरफ्तारी के बाद पुलिस टीम की कार्रवाई लगातार जारी रही। पुलिस के मुताबिक इसी कार्रवाई के दौरान मामले के अन्य आरोपी निशांत अहिरवार और देवेन्द्र यादव को भी गिरफ्तार कर लिया गया। इस तरह पुलिस ने वारदात के 24 घंटे के भीतर कुल तीन आरोपियों को पकड़ लिया। पुलिस की इस कार्रवाई से जहां फायरिंग और लूट की घटना का खुलासा हुआ है, वहीं वारदात में इस्तेमाल हथियार और वाहन बरामद होना विवेचना की दृष्टि से महत्वपूर्ण माना जा रहा है। पुलिस अब गिरफ्तार आरोपियों से पूछताछ कर घटना में शामिल अन्य लोगों तथा वारदात के पीछे की पूरी कड़ी को खंगाल रही है। मामले में शामिल बताए जा रहे एक अन्य आरोपी की तलाश जारी है।

पुलिस टीम की रही अहम भूमिका

आरोपियों की गिरफ्तारी और हथियार बरामदगी की कार्रवाई में थाना देहात प्रभारी निरीक्षक चंद्रजीत यादव, मजना चौकी प्रभारी वीणा विश्वकर्मा, साइबर सेल से मयंक नगायच सहित रज्जन रैकवार, सतीश शर्मा, ताजुद्दीन खान, अभय मिश्रा, मनोज, रामरतन पटसारिया, अरविंद निरंजन, अरबाज अली, नीतू राजपूत, शिवम कटारे, लाखन अर्गल, पुष्पेन्द्र, नीलेश ठाकुर, अनुराग, जीतेन्द्र एवं रवि रजक की महत्वपूर्ण भूमिका रही। 24 घंटे में तीन गिरफ्तारी और हथियार बरामदगी ने यह जरूर जता दिया कि बंदूक के दम पर दहशत फैलाकर खुद को शहंशाह समझने वालों के लिए पुलिस की कार्रवाई से बच निकलना इतना आसान नहीं है।

रिपोर्ट मिलते ही हरकत में आई पुलिस

घटना की सूचना मिलते ही पुलिस ने फरियादी सेल्समैन की रिपोर्ट पर थाना देहात में प्रकरण दर्ज कर विवेचना शुरू की। मामला फायरिंग, हत्या के प्रयास और लूट से जुड़ा होने के कारण पुलिस अधिकारियों ने आरोपियों की तत्काल गिरफ्तारी के निर्देश दिए। पुलिस अधीक्षक सुधीर कुमार अग्रवाल के निर्देश पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक विक्रम सिंह कुशवाहा एवं अनुविभागीय अधिकारी पुलिस राहुल कटरे के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी देहात निरीक्षक चंद्रजीत यादव के नेतृत्व में विशेष पुलिस टीम गठित की गई। टीम ने आरोपियों की तलाश के साथ-साथ तकनीकी साक्ष्यों और साइबर सेल की मदद से उनकी लोकेशन और संभावित ठिकानों की जानकारी जुटानी शुरू कर दी।

फंदा लगाने की सूचना मिलते ही दौड़ी डायल-112, समय पर बचाई गई जान

खिरिया नाका के पास देर रात की घटना, परिजनों ने फंदे से उतारा

हरिभूमि न्यूज ⏭ टीकमगढ़



थाना कोतवाली क्षेत्र के खिरिया नाका के पास देर रात एक व्यक्ति द्वारा फांसी लगाने के प्रयास की सूचना मिलते ही डायल-112 की टीम ने तत्परता दिखाते हुए मौके पर पहुंचकर घायल व्यक्ति को समय पर जिला चिकित्सालय पहुंचाया। पुलिस की त्वरित कार्रवाई से व्यक्ति को तत्काल चिकित्सा सहायता मिल सकी और उसकी जान बचाने में मदद मिली।

पुलिस के अनुसार 2 अक्टूबर की रात करीब साढ़े 11 बजे राज्य स्तरीय पुलिस कंट्रोल रूम डायल-112 भोपाल में सूचना प्राप्त हुई कि खिरिया नाका के पास एक व्यक्ति फांसी लगाने का प्रयास कर रहा है और पुलिस सहायता की आवश्यकता है। सूचना मिलते ही थाना कोतवाली क्षेत्र में तैनात डायल-112 वाहन को तत्काल घटनास्थल के लिए रवाना किया गया। डायल-112 में तैनात आरक्षक माधव सिंह एवं पायलट राहुल राय बिना देरी किए मौके पर पहुंचे। वहां पहुंचने पर पुलिस टीम को पता चला कि व्यक्ति ने अज्ञात कारणों से फांसी लगाने का प्रयास किया था। परिजनों ने समय रहते उसे फंदे से नीचे उतार लिया था, लेकिन घटना के कारण वह घायल हो गया था। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए डायल-112 के जवानों ने बिना समय गंवाए परिजनों की मदद से घायल व्यक्ति को एफआरव्ही वाहन से शासकीय जिला चिकित्सालय टीकमगढ़ पहुंचाया। अस्पताल में चिकित्सकों द्वारा उसका उपचार शुरू किया गया। घटना में डायल-112 टीम की त्वरित प्रतिक्रिया और समय पर अस्पताल पहुंचाने की कार्रवाई महत्वपूर्ण रही। सूचना मिलने के कुछ ही समय में पुलिस के मौके पर पहुंचने और घायल को उपचार उपलब्ध कराने से उसे तत्काल चिकित्सकीय सहायता मिल सकी।

आंगनबाड़ी केंद्र में हुआ महिलाओं व बच्चों से योजनाओं पर सीधा संवाद

सावरकर मंडल के आंगन मिलन कार्यक्रम में कार्यकर्ताओं का सम्मान, बच्चों ने गीत और कविताओं से बांधा समां



हरिभूमि न्यूज ⏭ टीकमगढ़

सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत भारतीय जनता पार्टी के सावरकर मंडल द्वारा पठला मोहल्ला स्थित वार्ड क्रमांक 20 के आंगनबाड़ी केंद्र में आंगन मिलन कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में महिलाओं, बच्चों, गर्भवती महिलाओं सहित आंगनबाड़ी केंद्र से जुड़े हितग्राहियों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। इस दौरान शासन की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी देने के साथ ही हितग्राहियों से सीधे संवाद कर उन्हें मिल रहे लाभ और उनकी आवश्यकताओं की जानकारी ली गई।

कार्यक्रम की शुरुआत मां सरस्वती के पूजन-अर्चन के साथ हुई। इसके बाद आंगनबाड़ी केंद्र में सेवाएं दे रहीं कार्यकर्ताओं एवं सहायिकाओं का सम्मान किया गया। आयोजन के दौरान महिलाओं और बच्चों से शासन की योजनाओं के संबंध में चर्चा करते हुए उन्हें योजनाओं के माध्यम से मिलने वाले लाभ, पात्रता और उपयोग की जानकारी दी गई। आंगन मिलन कार्यक्रम का उद्देश्य आंगनबाड़ी केंद्र को केवल पोषण एवं देखभाल तक सीमित न रखते हुए महिलाओं, बच्चों और परिवारों के बीच जागरूकता एवं संवाद का प्रभावी माध्यम बनाना भी रहा। इस दौरान गर्भवती महिलाओं तथा बच्चों से उनकी आवश्यकताओं और योजनाओं के लाभ को लेकर चर्चा की गई। कार्यक्रम में बच्चों की रचनात्मक प्रतिभा भी देखने को मिली। अमायरा बानो, आलिया बानो, आयशा खान एवं चांदनी बानो ने गीत और कविताओं की प्रस्तुति देकर उपस्थित लोगों का मन मोह लिया। बच्चों की प्रस्तुतियों से कार्यक्रम में उत्साह और आत्मीयता का माहौल बना रहा।

हितग्राही ने जानकारी साझा की

इस अवसर पर लाड़ली बहना योजना एवं प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना की हितग्राही रेशमा खान ने शासन की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं से अपने परिवार को मिले लाभों की जानकारी साझा की। उन्होंने बताया कि उनके परिवार को प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ मिला है। उनकी बेटी को लाड़ली लक्ष्मी योजना का लाभ मिलने की जानकारी भी उन्होंने दी। रेशमा खान सहित उपस्थित हितग्राहियों ने योजनाओं से मिल रहे लाभों को लेकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के प्रति आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में भारतीय जनता पार्टी सावरकर मंडल की मन की बात प्रभारी प्रतिभा बुंदेला, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिकाएं, भाजपा बूथ समिति के पदाधिकारी तथा कार्यकर्ता मौजूद रहे। कार्यक्रम के अंत में उपस्थित सभी लोगों को मिष्ठान्न वितरित किया गया।

उज्ज्वल भविष्य के लिए स्कूल और घर का तालमेल जरूरी : प्रिंसिपल

लिटिल फ्लावर हाई स्कूल में गांधी जयंती पर पेरेंट्स मीटिंग



पलेरा। लिटिल फ्लावर हाई स्कूल में गांधी जयंती के अवसर पर पेरेंट्स मीटिंग का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विद्यालय में अध्ययनरत बच्चों के अभिभावकों ने बड़ी संख्या में सहभागिता की। इस दौरान नन्हे-मुन्ने बच्चों ने मंच पर भाषण, प्रस्तुतियों और गांधी जयंती से जुड़े संदेशों के माध्यम से महात्मा गांधी के विचारों के साथ सत्य, अहिंसा और स्वच्छता का संदेश दिया। कार्यक्रम के दौरान बच्चों ने विभिन्न स्लोगन और चित्रों के माध्यम से राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के विचारों को प्रस्तुत किया। मासूम बच्चों की आकर्षक प्रस्तुतियों ने अभिभावकों का ध्यान आकर्षित किया और कार्यक्रम में उत्साह का माहौल बना रहा।

पेरेंट्स मीटिंग में विद्यालय के प्रिंसिपल इमैनुएल जॉन ने अभिभावकों से बच्चों की शिक्षा, व्यवहार, संस्कार और व्यक्तित्व विकास को लेकर विस्तार से संवाद किया। उन्होंने बच्चों के उज्ज्वल भविष्य के लिए सात मूल मंत्र बताए और कहा कि बच्चों की सफलता केवल स्कूल में पढ़ाई तक सीमित नहीं है, बल्कि घर में मिलने वाले संस्कार, अनुशासन और सकारात्मक वातावरण की भी इसमें महत्वपूर्ण भूमिका होती है। उन्होंने अभिभावकों से बच्चों के साथ नियमित संवाद करने, उनकी पढ़ाई पर ध्यान देने, उनकी रुचियों और क्षमताओं को समझने तथा उनमें अच्छी आदतें विकसित करने पर जोर दिया। साथ ही बच्चों को बुरी आदतों से दूर रखने और उनके व्यवहार में सकारात्मक बदलाव लाने के लिए अभिभावकों को आवश्यक सुझाव दिए गए। इन सुझावों से संबंधित सामग्री भी अभिभावकों को वितरित की गई।

प्रिंसिपल इमैनुएल जॉन ने कहा कि बच्चों के बेहतर भविष्य के निर्माण में स्कूल और अभिभावक दोनों की समान भूमिका है। विद्यालय में शिक्षा और घर में संस्कार का बेहतर समन्वय होने पर बच्चों का शैक्षणिक विकास के साथ-साथ सामाजिक और व्यक्तिगत विकास भी बेहतर तरीके से हो सकता है। उन्होंने अभिभावकों से बच्चों की छोटी-छोटी उपलब्धियों को प्रोत्साहित करने और उनकी समस्याओं को समझकर उनका मार्गदर्शन करने की अपील की।

बिहारीजी मंदिर के पास से पकड़ा

अवैध हथियार के खिलाफ की कार्रवाई कट्टा-कारतूस सहित आरोपी गिरफ्तार



हरिभूमि न्यूज ⏭ टीकमगढ़

अवैध हथियारों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत मोहनगढ़ पुलिस ने कार्रवाई करते हुए एक आरोपी को देशी कट्टा और जिंदा कारतूस के साथ गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ आर्म्स एक्ट के तहत प्रकरण दर्ज कर उसे न्यायिक अभिरक्षा में भेज दिया है।

पुलिस के अनुसार पुलिस अधीक्षक सुधीर कुमार अग्रवाल के निर्देशन में, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक विक्रम सिंह कुशवाह एवं जतारा एसडीओपी अनिल कुमार सिंह के मार्गदर्शन में थाना मोहनगढ़ पुलिस द्वारा अवैध हथियारों की धरपकड़ के लिए अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में पुलिस टीम को मुखबिर से सूचना मिलने के बाद ग्राम कुम्हेड़ी में तालाब किनारे बिहारीजी मंदिर के पास दबिश दी गई। कार्रवाई के दौरान पुलिस ने प्रसन्न उर्फ भूपत यादव को पकड़ा। तलाशी लेने पर उसके कब्जे से 315 बोर का देशी कट्टा एवं एक जिंदा कारतूस बरामद किया गया। पुलिस ने हथियार जब्त कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया।

पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध धारा 25/27 आर्म्स एक्ट के तहत प्रकरण दर्ज किया। आवश्यक कानूनी कार्रवाई के बाद आरोपी को न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उसे न्यायिक अभिरक्षा में भेज दिया गया। इस कार्रवाई में मोहनगढ़ थाना प्रभारी अंकित दुबे, बंधा चौकी प्रभारी कन्हैयालाल अहिरवार सहित पुलिस टीम की महत्वपूर्ण भूमिका रही। पुलिस ने बताया कि क्षेत्र में अवैध हथियारों की धरपकड़ के लिए अभियान आगे भी लगातार जारी रहेगा।

योग से स्वस्थ तन और एकाग्र मन, छात्राओं ने सीखे योगासन और प्राणायाम

सांदीपनि कन्या विद्यालय में सेवा संकल्प के तहत योग प्रशिक्षण



बड़ागांव धसान। शासकीय सांदीपनि कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बड़ागांव धसान में सेवा संकल्प कार्यक्रम के अंतर्गत विद्यार्थियों के लिए योग प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में योग प्रभारी शिक्षक आसाराम कुशवाहा एवं नादिया खान ने छात्राओं को विभिन्न योगासन, प्राणायाम तथा योग के महत्व की जानकारी देते हुए अभ्यास कराया। प्रशिक्षण के दौरान छात्राओं को नियमित योगाभ्यास के माध्यम से शरीर को स्वस्थ, मन को शांत और एकाग्र रखने के उपाय बताए गए। प्रशिक्षकों ने योग की विभिन्न क्रियाओं और उनके महत्व को समझाते हुए विद्यार्थियों को योग को अपनी दैनिक दिनचर्या का हिस्सा बनाने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि नियमित योगाभ्यास स्वस्थ जीवनशैली अपनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। विद्यालय के प्राचार्य रामनरेश सिंह राजपूत ने कहा कि योग भारतीय संस्कृति की अमूल्य धरोहर है। नियमित योगाभ्यास से विद्यार्थियों के शारीरिक स्वास्थ्य के साथ मानसिक एकाग्रता और सकारात्मक सोच का भी विकास होता है। उन्होंने विद्यार्थियों से पढ़ाई के साथ अपने स्वास्थ्य पर भी ध्यान देने तथा प्रतिदिन योग और प्राणायाम के लिए समय निकालने का आह्वान किया। मीडिया प्रभारी शिक्षक सुनील कुमार जैन ने कहा कि वर्तमान समय में विद्यार्थियों के शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य के लिए योग बेहद उपयोगी है। नियमित योगाभ्यास से शरीर में स्फूर्ति आती है, एकाग्रता बढ़ती है और तनाव कम करने में सहायता मिलती है। उन्होंने कहा कि योग से निरोगी काया, स्वस्थ तन और स्वस्थ मन ही जीवन की सच्ची पूंजी है। उन्होंने विद्यार्थियों से स्वयं नियमित योग करने के साथ ही अपने परिवार और आसपास के लोगों को भी योगाभ्यास के लिए प्रेरित करने का आह्वान किया। कार्यक्रम के दौरान छात्राओं ने उत्साहपूर्वक योगाभ्यास में सहभागिता की और स्वस्थ जीवनशैली अपनाने का संकल्प लिया।

विकासखंड स्तरीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता का समापन

पलेरा के रामनगर स्टेडियम में क्रिकेट, वॉलीबॉल व एथलेटिक्स में खिलाड़ियों ने खेल प्रतिभा का प्रदर्शन किया, चयन प्रक्रिया पूरी

हरिभूमि न्यूज ⏭ पलेरा



रामनगर स्टेडियम पलेरा के खेल मैदान में आयोजित विकासखंड स्तरीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता शुक्रवार को 3 अक्टूबर को सफलतापूर्वक संपन्न हुई। लोक शिक्षण संचालनालय मध्य प्रदेश एवं जिला शिक्षा अधिकारी टीकमगढ़ के वार्षिक खेल कैलेंडर के अनुसार आयोजित इस खेल प्रतियोगिता में क्षेत्र के विभिन्न विद्यालयों के सैकड़ों छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। प्रतियोगिता के दौरान क्रिकेट, वॉलीबॉल और एथलेटिक्स की विभिन्न स्पर्धाओं में खिलाड़ियों ने अपनी खेल प्रतिभा का प्रदर्शन किया।

विकासखंड क्रीड़ा प्रभारी एवं खेल शिक्षक शैलेंद्र सिंह राय के मार्गदर्शन और संयोजन में प्रतियोगिता की व्यवस्थाएं व्यवस्थित रूप से संचालित की गईं। खिलाड़ियों के पंजीयन से लेकर खेल मैदान की व्यवस्थाओं और विभिन्न स्पर्धाओं के संचालन तक जिम्मेदारियां निर्धारित कर प्रतियोगिता को सुचारू रूप से संपन्न कराया गया। प्रतियोगिता के दौरान 14 एवं 17 वर्ष आयु वर्ग के बालक-बालिकाओं के बीच क्रिकेट के मुकाबले हुए। मैदान पर बल्लेबाजों और गेंदबाजों के बीच रोमांचक मुकाबले देखने को मिले। वहीं 14 एवं 19 वर्ष आयु वर्ग के वॉलीबॉल मुकाबलों में खिलाड़ियों ने शानदार सर्विस और स्मैश के जरिए अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। एथलेटिक्स की 14 एवं 19 वर्ष आयु वर्ग की विभिन्न दौड़ और अन्य स्पर्धाओं में भी खिलाड़ियों ने पूरे जोश के साथ हिस्सा लिया।

खेल प्रतियोगिता के दौरान खेलकूद एवं युवा कल्याण विभाग के हसरुद्दीन खान ने मैदान पर पहुंचकर खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया। प्रतियोगिता के संचालन में खेल विभाग से जुड़े अधिकारियों और प्रभारियों का भी सहयोग रहा। प्रतियोगिता का आयोजन सांदीपनी उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पलेरा के प्राचार्य महेश कुमार रावत, नोडल अधिकारी तथा शासकीय मॉडल उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पलेरा के प्राचार्य कौशल किशोर राजपूत, प्रभारी की उपस्थिति में क्रीड़ा प्रभारी शैलेंद्र सिंह राय के संयोजन में किया गया।

प्रतियोगिता के दौरान खिलाड़ियों के पंजीयन, रिकॉर्ड संकलन और तकनीकी व्यवस्थाओं को पूरा करने में पंजीयन समिति प्रभारी ब्रजेन्द्र सिंह भदौरिया तथा रिकॉर्ड संकलन समिति प्रभारी अनिल मिश्रा सहित ज्वाला प्रसाद अहिरवार, मुकेश अहिरवार और प्रवीण अहिरवार ने सहयोग किया। क्रीड़ा प्रभारी शैलेंद्र सिंह राय एवं सांदीपनी खेल प्रभारी राम सिंह राजपूत की मौजूदगी में विभिन्न स्पर्धाओं में सफल खिलाड़ियों और टीमों के चयन से संबंधित रिकॉर्ड संकलन की प्रक्रिया भी पूरी कर ली गई। प्रतियोगिता के समापन के साथ ही विकासखंड स्तर पर चयनित खिलाड़ियों के प्रदर्शन और रिकॉर्ड को आगामी खेल गतिविधियों के लिए संकलित किया गया। आयोजन ने ग्रामीण एवं कस्बाई क्षेत्र के स्कूली खिलाड़ियों को अपनी प्रतिभा दिखाने के लिए मंच उपलब्ध कराया।

हड़तालों से जिले में चरमराई शासन प्रशासन की सेवाएं

अस्पताल के आउटसोर्स कर्मचारियों ने घेरा कलेक्ट्रेट, सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर

साहब! हम ईमानदारी के साथ न सिर्फ दिए गए समय के अनुसार बल्कि उसके अलावा भी ओवर टाइम करते हुए अस्पताल की साफ सफाई व्यवस्था को चकाचक रखे हुए हैं लेकिन कंपनी ने जो सुपरवाइजर रखा हुआ है वह हमेशा अव्यवस्था फैलाता रहता है। जिसकी शिकायत करने पर हमारे 7 सफाई कर्मचारियों को बिना कारण बताए सेवा से पृथक कर दिया गया है। इस तरह की हिटलरशाही फरमान के जारी होने से सफाई कर्मचारियों में नाराजगी है अगर उन्हें बिना शर्त तत्काल वापस काम पर नहीं लिया गया तो जिला अस्पताल की स्वास्थ्य सफाई तो बंद कर ही दी जाएगी जरूरत पड़ी तो नगर की साफ-सफाई भी ठप कर देंगे, यह बात आउटसोर्सिंग कंपनी के माध्यम से जिला अस्पताल में सफाई के लिए लगाए गए कर्मचारियों ने जिला प्रशासन को ज्ञापन सौपते हुए कही। उधर जिले में पीडीएस और एमडीएम तथा पटवारियों की हड़ताल ने व्यवस्थाए प्रभावित की हुई हैं।

आउटसोर्स कर्मचारियों के द्वारा सौपे गए ज्ञापन में उल्लेख किया गया है कि जिला चिकित्सालय श्योपुर में सफाईकर्मी के पदो पर आउटसोर्स से नियुक्त सफाईकर्मी समय-समय पर चिकित्सालय की साफ सफाई का कार्य ईमानदारी के साथ कर रहे हैं। लेकिन कंपनी कभी समय पर वेतन नहीं देती है। आज भी 2 माह का वेतन चढ़ा है। जिससे सफाईकर्मियों के परिवार के पालन पोषण में काफी दिक्कत पैदा हो रही है। वेतन पर आश्रित होकर अपने परिवार का भरण पोषण करते है। दलित वर्ग से आने के कारण इन लोगों को सफाई के अलावा दूसरे काम में कहीं रख भी नहीं जाता है। जिससे अगर कर्मचारियों को समय पर वेतन नहीं मिलने से उनके परिवार के सामने भूखे मरने कि नौबत आ जाती हैं। 2-3 माह का पी.एफ. भी कंपनी द्वारा नहीं काटा जा रहा है और ना ही एरियर दिया जा रहा है जिससे सफाईकर्मी काफी दुशी व परेशान है। ज्ञापन में तत्काल वेतन दिलवाने, पी.एफ. कटवाने तथा ऐरियार दिलवाने के साथ हटाए गए 7 कर्मचारियों को वापस न्युक्त करने की मांग की गई है। मांग नहीं मानी गई तो 06 अक्टूबर से कामबंद हडताल की जायेगी जिसकी समस्त जिम्मेदारी शासन प्रशासन की होगी।



पटवारियों की न से स्वामित्व योजना बाधित

पटवारी द्वारा स्वामित्व योजना में खुद पर जिम्मेदारी थोपे जाने से नाराज होकर काम नहीं करने का दिए गए ज्ञापन के बाद सरकार की इस अति महत्वपूर्ण योजना भी ठप पड़ गई है। ज्ञात हो कि सरकार ने स्वामित्व योजना कहते हैं ग्रामीण क्षेत्रों में लाखों ग्रामीणों के भावनो को मालिकाना हक देने के लिए रजिस्ट्री करने का अभियान चलाया है लेकिन इस रजिस्ट्री करने का अधिकार पटवारी को दिया है अगर रजिस्ट्री में कुछ गड़बड़ी होती है या कोई दावा आपत्ति करता है तो जिम्मेदार पटवारी होगा। इससे नाराज पटवारी संघ ने यह जिम्मेदारी लेने से इनकार कर दिया है जिसके कारण फिलहाल यह योजना किस तरह चल रही है कोई बताने की स्थिति में भी नहीं है ना ही संबंध में कोई अपडेट आ रहे हैं। एक महीने तक चलने वाले सेवा समर्पण अभियान के तहत इसके अधिकार पत्र भी नहीं बंट रहे हैं।

पीडीएस विक्रेताओं की हड़ताल से गरीब परेशान

अपनी मांगों को लेकर 01 से 07 अक्टूबर तक हड़ताल पर चल रहे पीडीएस विक्रेताओं के कारण सार्वजनिक वितरण प्रणाली की दुकान बंद पड़ी हुई हैं। जिससे बीपीएल सूची में दर्ज गरीब हितग्राहियों को सरकार से मिलने वाला निशुल्क अनाज नहीं मिल पा रहा है। इस कारण उनके आगे विषम परिस्थिति आ गई है मजबूरी में गरीबों को भी 20 रुपए किलो का महंगा आटा बाजार से खरीद कर लाना पड़ रहा है लोगों का कहना है कि अगर दूकाने इसी तरह बंद रही तो गरीबों के आगे भूखे मरने की स्थिति निर्मित हो जाएगी। पीडीएस उपभोक्ताओं ने कलेक्टर से मांग की है कि वह पीडीएस दुकानदारों को जनहित को देखते हुए हड़ताल खत्म करने के निर्देश दे।

भाजपा के स्वास्थ्य शिविर का 85 लोगों ने उठाया लाभ

स्वास्थ्य के प्रति जिम्मेदारी में लापरवाही बरतना गंभीर बातः शशांक

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर



देश के किसी नागरिक को इलाज के आभाव में जान न गवाना पड़े इसकी गारंटी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आयुष्मान योजना के माध्यम से दी है। इस योजना के तहत पंजीकृत परिवार को साल भर में पांच लाख रुपए तक अपने इलाज सुविधा दी गई है। इस सुविधा का लाभ आयुष्मान कार्ड धारक अपनी मर्जी से देश के किसी भी सरकारी और प्रायवेट हॉस्पिटल में लें सकता है। श्योपुर जैसे स्वास्थ्य सेवा के क्षेत्र में पिछड़े जिले में भी मेडिकल कॉलेज जैसी सौगात देना भी बड़ी उपलब्धि है। इसका मतलब यह भी नहीं की हम अपने स्वास्थ्य के प्रति लापरवाह हो जाए। हम सबको अपने स्वास्थ्य की चिंता खुद करने की जरूरत है। इसके लिए अपनी दिनचर्या अच्छी रखें और नियमित रूप से मेडिकल चेक अप कराए। यह बात भाजपा जिला शशांक भूषण ने शनिवार को नगरपालिका भवन में भाजपा द्वारा आयोजित स्वास्थ्य शिविर का शुभारंभ करते हुए कही।

स्वास्थ्य शिविर के प्रभारी दिनेश राज दुबौलिया ने बताया कि 17 सितंबर से 17 अक्टूबर तक चलाए जा रहे सेवा संकल्प अभियान के तहत आयोजित किए गए स्वास्थ्य शिविर में विभिन्न रोगों के स्पेशलिस्ट चिकित्सकों ने सेवाएं दी।शिविर में आए 85 लोगों की जांच की एवं मौके पर ही कर निशुल्क दवाइयां वितरण की गई। आंखों के चेकअप के लिए नेत्र सर्जन डॉक्टर जीके गोयल ने अपनी टीम के साथ आए लोगों के आंखों में विभिन्न बीमारियों सहित दूर और पास की नजर के चश्मा नंबर भी निकालकर प्रदान किए गए। इसी दौरान बीपी शुगर और कोलेस्ट्रॉल की भी जांच कराई गई। सवाई माधोपुर के प्रसिद्ध चिकित्सक डॉ संगीत गर्ग ने भी शिविर में अपनी सेवाएं दी। इसके अलावा जिला अस्पताल के चिकित्सक डॉ एआर करोरिया, मेडिकल कॉलेज श्योपुर के चिकित्सक उत्कल शर्मा सहित विभिन्न स्टाफ ने सेवा दी।

कांग्रेस के पूर्व जिलाध्यक्ष बोले झूटी घोषणाएं कर गए भाजपा के मंत्री

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर



भाजपा सरकार और सरकार के मंत्री सिर्फ झूठी घोषणाएं करते हैं वह जो कहते हैं वह करते नहीं है अगर यूं कहें कि वह जो करना चाहते हैं सरकार वह होने नहीं देती है। यही हाल श्योपुर रेलवे स्टेशन का हो रहा है जिसके लिए की गई 160 करोड़ की घोषणा के बाद महज 35 करोड़ का काम चलाऊ स्टेशन बनाया जा रहा है। यह बात शनिवार को वर्धा बुजुर्ग गांव पहुंचे कांग्रेस के पूर्व जिला अध्यक्ष अतुल चौहान ने ग्रामीणों के संग रेलवे स्टेशन के भ्रमण के बाद एक प्रेस नोट जारी करते हुए कही।

वर्धा बुजुर्ग गांव पहुंचे कांग्रेस के पूर्व जिला अध्यक्ष चौहान ने कहा कि इस ट्रैक पर कांग्रेस समर्थित मनमोहन सरकार ने 30000 करोड़ रूपया अमान परिवर्तन के लिए स्वीकृत किया था जिसके तहत ग्वालियर से श्योपुर तक मीटर गेज को बदलकर ब्रॉड गेज में तब्दील किया जा रहा है। यह काम लगभग पूरा हो चुका है इसके बाद श्योपुर से कोटा तक की नई ब्रॉड गेज लाइन भी जोड़ी जाएगी। यह पूरी योजना कांग्रेस सरकार की है हाल ही में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जब चीते छोड़ने श्योपुर आए थे तब तत्कालीन केंद्रीय मंत्री वर्तमान में विधानसभा अध्यक्ष नरेंद्र सिंह तोमर की उपस्थिति में रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा था कि श्योपुर का रेलवे स्टेशन अमृत योजना में शामिल कर लिया गया है जिसे हेरिटेज स्टेशन के रूप में विकसित किया जाएगा। यह स्टेशन 160 करोड रुपए खर्च कर बनाया जाएगा और इसे इस तरह डिजाइन किया जाएगा कि लोग बाहर से इस स्टेशन को देखने आए। अतुल चौहान ने आरोप लगाया कि हेरिटेज स्टेशन के बजाय सिर्फ काम चलाऊ स्टेशन बनाया जा रहा है जो श्योपुर जिले के लिए सौतेला व्यवहार है। क्योंकि श्योपुर स्टेशन ग्वालियर से कोटा तक वाली रेल लाइन का मुख्य और सबसे बड़ा स्टेशन है इसलिए इस स्टेशन को आधुनिक बनाना जरूरी था उन्होंने कहा कि इस योजना में जो भ्रष्टाचार किया जा रहा है उसकी कलई भी खोली जाएगी।

कांग्रेस ने लगाया एनएच 552 निर्माण में घटिया सामग्री के उपयोग का आरोप



हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर

कांग्रेस जिला अध्यक्ष मांगीलाल फौजी ने एनएच 552 में रोड निर्माण में घटिया सामग्री उपयोग करने के आरोप लगाते हुए कहा कि इसी योजना में भारी भ्रष्टाचार के कारण रोड बुरी तरह से उखड़ गया है जिससे दुर्घटना होने की संभावना भी लगातार बना रही है। कांग्रेस जिलाध्यक्ष मांगीलाल फौजी ने एक प्रेस नोट जारी करते हुए आरोप लगाया कि 483 करोड रुपए की लागत से बना नेशनल हाईवे 552 अमराल नदी के पुल श्योपुर बाई पास के पास की इस रोड पर अभी गाड़ियां चलते एक साल भी नहीं हुआ है बिना डामर के ही रोड बना दिया और गिट्टी मिट्टी के ऊपर डामर डाल करके नेशनल हाईवे 552 के भ्रष्टाचार को दबाया जा रहा है इस रोड को बनाने वाली कंपनी के ऊपर कानूनी कार्रवाई होनी चाहिए और उच्च स्तरीय जांच करके भ्रष्टाचार करने वाले दोषियों के ऊपर कानूनी कार्रवाई करके सजा मिलनी चाहिए क्यों कि रोडों के नाम पर गरीब जनता की गाड़ी कमाई से टैक्स के नाम पर अनाप-शनाप रुपए वसूले जाते हैं जब कोई वाहन खरीदना है तो आरटीओ टैक्स रोड पर गाड़ी चलाते हैं तो टोल टैक्स और भी कई तरह के तमाम टैक्स वसूले जाते हैं और रोड के नाम पर इस तरह के रोड बनाए जाते है अगर भ्रष्टाचारियों के ऊपर कानूनी दंडात्मक कार्रवाई नहीं की गई तो कांग्रेस पार्टी मजबूर होकर नेशनल हाईवे को जाम करेगी।

महिला के साथ मारपीट, पति समेत दो के खिलाफ केस दर्ज

श्योपुर। एक महिला की उसके पति समेत दो लोगो के द्वारा गाली गलौच करते हुए मारपीट कर दी गई। यह मामला कोतवाली थाना क्षेत्र का है। कोतवाली पुलिस ने इस मामले में मारपीट और एससीएसटी एक्ट के तहत मामला दर्ज कर लिया है। कोतवाली पुलिस ने बताया कि सलापुरा क्षेत्र निवासी पूजा आदिवासी पत्नी प्रेमशंकर सोलंकी ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि बीते रोज मकान खाली कराने संबंधी बात को लेकर प्रेमशंकर सोलंकी और दीपक जोशी ने गाली गलौच और जातीय अपमान करते हुए मारपीट कर दी। महिला की इस रिपोर्ट पर प्रेमशंकर सोलंकी और दीपक जोशी के खिलाफ मारपीट और एससीएसटी एक्ट के तहत मामला दर्ज कर लिया है।

आज लगेंगे सेवा सेतु शिविर

श्योपुर। कलेक्टर शीला दाहिमा के मार्गदर्शन में सेवा संकल्प अभियान अंतर्गत सेवा सेतु शिविरो का आयोजन 04 अक्टूबर को नगरीय निकाय स्तर पर किया जायेगा। सेवा सेतु अभियान- सरकार आपके द्वार के तहत 4 अक्टूबर को नगरीय निकायो में शिविरों का आयोजन किया जायेगा। नपा श्योपुर अंतर्गत सेवा सेतु शिविर 4 अक्टूबर को माध्यमिक शाला परिसर चंबल कॉलोनी श्योपुर में, नगर परिषद बडौदा द्वारा सामुदायिक भवन बडौदा में एवं नगर परिषद विजयपुर द्वारा परशुराम प्रांगण में किया जायेगा।

डॉ अर्शी ने बढ़ाया श्योपुर का गौरव, दिल्ली में हुए सम्मानित



हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर

जिले के विख्यात शायर डॉ अशफाक अर्शी को ग्लोबल पीस काउंसिल इंटरनेशनल वुमन राइट्स एंबेसडर आर्गेनाइजेशन के बैनर पर हुए कांस्टीट्यूशन क्लब ऑफ इंडिया नई दिल्ली में आयोजित हुए महात्मा गांधी नोबेल पीस अवॉर्ड 2026 के तहत श्भारतीय राष्ट्रीय गौरवश्र पुरस्कार से सम्मानित किया गया है। इस राष्ट्रीय सम्मान को पाकर डॉ अर्शी ने जिले का नाम रोशन किया है।

देश की प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करने और उनकी प्रतिभा राष्ट्रीय स्तर पर लाकर चमकाने के उद्देश्य महात्मा गांधी नोबेल पीस अवॉर्ड 2026 के तहत श्भारतीय राष्ट्रीय गौरवश्र पुरस्कार के लिए विभिन्न विधाओं के लिए चयनित प्रतिभागियों को 2 अक्टूबर गांधी जयंती के अवसर पर दिल्ली में सम्मानित किया गया। इस सम्मान समारोह में श्योपुर जिले के विख्यात शायर एवं लेखक डॉ अशफाक अर्शी का भी सम्मान हुआ उन्हें यह सम्मान हिंदी उर्दू के क्षेत्र में लेखन एवं कविताओं के लिए किया गया। उनके सम्मानित होने की सूचना पर श्योपुर जिले में भी उनके ईस्ट मित्र व साहित्यकार साथियों में हर्ष व्याप्त है।

सेवा ज्योति यात्रा 7 को, मेला ग्राउंड में होगा कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर



कलेक्टर शीला दाहिमा के मार्गदर्शन में सेवा संकल्प अभियान के तहत विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में 07 अक्टूबर को सेवा ज्योति यात्रा का आयोजन किया जायेगा। अपर कलेक्टर रूपेश उपाध्याय की अध्यक्षता में उक्त कार्यक्रम की तैयारियों को लेकर गत दिवस बैठक का आयोजन किया गया।

सेवा ज्योति यात्रा अंतर्गत मुख्य कार्यक्रम 07 अक्टूबर को श्री हजारेश्वर मेला ग्रांउड में आयोजित होगा, जहां प्रातः 11 बजे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के लाइव उद्बोधन का प्रसारण संपन्न होगा। इसके पूर्व विधानसभा क्षेत्र से सेवा ज्योति यात्राएं निकाली जायेगी, जिनका एकत्रितीकरण मेला मैदान में होगा। उक्त कार्यक्रम की तैयारियों के संबंध में अपर कलेक्टर रूपेश उपाध्याय द्वारा सभी संबंधित विभागों को सभी प्रकार की व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिये है। बैठक में भाजपा जिला अध्यक्ष शशांक भूषण, पूर्व विधायक दुर्गालाल विजय, भाजपा प्रदेश कार्य समिति सदस्य महावीर सिंह सिसौदिया, भाजपा युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष मोनू सोनी, सांसद प्रतिनिधि सुजीत गर्ग, नगर परिषद बडौदा अध्यक्ष प्रतिनिधि राजू सुमन आदि उपस्थित थे।

योजनाओं का लाभ न मिलने से नाराज महिला ने किया हंगामा

सीएम जनविश्वास शिविर में फूटा आदिवासी महिला का गुस्सा, कलेक्टर की टेबल पर फेंके कागज

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर



शनिवार को कराहल विकासखंड मुख्यालय पर आयोजित मुख्यमंत्री जन समस्या निवारण शिविर में आई एक आदिवासी महिला ने योजनाओं का लाभ नहीं मिलने से नाराज होकर हंगामा करते हुए उन कागजों की फाइल कलेक्टर के सामने टेबल पर फेंक दी जिन कागजों को लेकर वह अधिकारियों के दफ्तर में योजना का लाभ लेने के लिए चक्कर लग रही है। महिला का गुस्सा देख कलेक्टर सकते में आ गए हालांकि अधिकारियों को निर्देशित करते हुए उक्त महिला के आवेदनो पर कार्रवाई करने की बात कहते हुए मामले को शांत कराया गया लेकिन महिला जिस तरह चिल्लाती रही उससे हितग्राहियों के घर-घर पहुंच कर सरकारी योजनाओं का लाभ देने और समस्याओं के निराकरण करने का जो दावा प्रशासन द्वारा किया जा रहा है वो आदिवासी विकास खंड कराहल में फेल होता जरूर दिखाई पड़ा।

शनिवार को सभी आलाधिकारियों और जनप्रतिनिधियों के साथ मुख्यमंत्री जन समस्या निवारण शिविर के मंच पर समस्या सुन रही कलेक्टर शीला दाहिमा उस समय हथप्रद रह गई जब कराहल की महिला विद्या बाई आदिवासी ने कागजों की फाइल कलेक्टर की टेबल पर रखते हुए जनपद सीईओ को आड़े हाथों ले लिया, पहले उक्त महिला ने कलेक्टर से मुखातिब होते हुए कहा कि मुझे सरकारी योजना का लाभ नहीं मिल रहा है आप बताओ मुझे लाभ कैसे मिलेगा। इस पर जब जनपद सीईओ ने उसे समझाने का प्रयास किया तो उसने सीईओ को ही आडे हाथों लेते हुए कहा कि मैं इतने दिनों से तुम्हारे दफ्तर के चक्कर काट रही हो तुमने मेरा कौन सा काम किया है अब बताओ मुझे चुप क्यों कर रहे हो। नया आवेदन की क्या जरुरत है फाइल में सभी आवेदन लगे हुए हैं। इनमें से तुमने किसी समस्या का निराकरण नहीं किया महिला कहते हुए सुनी जा रही है कि वह झोपड़ी में रहने को मजबूर है उसके बच्चे हाड़ी खेतिहर (परमानेंट मजदूर) लगे हुए हैं मुझे ना तो पेंशन मिल रही है, न मुझे पीएम आवास योजना का लाभ मिला है ना ही किसी योजना का लाभ दिया जा रहा है। जबकि उसने कई बार आवेदन दे दिए हैं, आवेदन दे देकर थक चुकी है कलेक्टर ने उक्त महिला को शांत करने का प्रयास किया लेकिन महिला भीड़ में जाकर बैठ गई और यही कहती रही कि मेरी समस्या का निराकरण पहले करो, बाद में कलेक्टर ने उक्त महिला का आवेदन लेकर उसके सारी समस्याओं का निराकरण करने का निर्देश दिए जिससे मामला शांत हुआ पर इस मामले में प्रशासन की पोल जरूर खुल गई महिला की नाराजगी जनपद सीईओ से थी कलेक्टर ने जनपद सीईओ को भी निर्देशित किया कि महिला की जो भी समस्या हो उसका निराकरण किया जाए अगर पुराने आवेदन है तो उसे पूरा किया जाए और नहीं है तो नया आवेदन लेकर पात्रता में आने पर तत्काल लाभ दिया जा साथी अन्य जो आवेदन आए थे उनका भी निराकरण करने के निर्देश कलेक्टर ने दिया, शिविर के दौरान भाजपा जिला अध्यक्ष शशांक भूषण, मध्य प्रदेश आदिवासी विकास परिषद की अध्यक्ष गुड्डी बाई आदिवासी, उपाध्यक्ष सीताराम आदिवासी, जिपं अध्यक्ष गुडडी बाई, जिला पंचायत सीईओ कार्तिकेय जायसवाल आदि मौजूद रहे।

सामाजिक बुराइयों को दूर करने समुदाय का सहयोग जरूरी:कलेक्टर



कलेक्टर शीला दाहिमा ने जनसंवाद कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि सामाजिक बुराईयों को दूर करने में समुदाय का सहयोग भी जरूरी है। नशा, बाल विवाह जैसे कुरीतियों को दूर करने में सभी अपनी-अपनी सहभागिता दिखायें। महिलाओं को पोषण पर विशेष ध्यान देना चाहिए, विशेषकर गर्भवती महिलाओं को अपने खानपान का ध्यान रखना चाहिए। इसके साथ ही उन्होंने बाल विवाह के प्रति जागरूकता का संदेश देते हुए कहा कि कम उम्र में विवाह से स्वास्थ्य पर विपरित प्रभाव पडता है, इसलिए शासन द्वारा निर्धारित आयु में ही अपने बच्चों का विवाह करें, यह कानूनी रूप से निषेध भी है। शिविर के दौरान 10 हितग्राहियों को दो-दो लाख रूपये की अनुग्रह राशि,6 हितग्राहियों को सामाजिक सुरक्षा पेंशन का लाभ तथा 13 हितग्राहियों को आवास की सुविधा जैसी योजनाओ का लाभ दिया गया।

अबूझ पहेली बन गया नावघटा का रोड, लोग हो रहे परेशान

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर



शहर के वार्ड नंबर 1 किला बस्ती नावघटा के रास्ते में अधूरा बना पड़ा रोड को पहले कागजों में बनना बताकर निर्माण कराने के बजाए अधूरा छोड़ दिया गया और बाद में तकनीकी खामी के चलते दोबारा रोड नहीं बनाया जा सका। जबकि इस रोड के कारण नागरिकों भारी परेशानी उठानी पड़ रही है।

किला बस्ती में काजी के घर के आगे से नावघटा मस्जिद तक सडक डेढ़ दशक से बनने के इंतजार में है। डेढ़ दशक पहले जब मीरा रमेश गर्ग की परिषद थी तब इस रोड को कागजों में बनाना बताया गया था हालांकि उसके कोई सबूत नहीं है लेकिन यह बात खूब चर्चा में आई थी कि इस रोड को कागज में बनाकर पेमेंट निकाल लिया गया पर डेढ़ दशक से भी अधिक समय बीतने के बावजूद इस रोड को दोबारा क्यों नहीं बनाया गया यह समझ से परे है क्योंकि अगर रोड कागज में बन भी गया था तो इसे मेंटेनेंस वर्क में लेकर दोबारा बनाया जा सकता था। जब 1 साल पहले भी इस रोड को दोबारा बनाने के बाद चली थी लेकिन पैसा इतना काम मिला के सिर्फ मस्जिद के पास और इमामबाड़ा चौक की सीसी ही हो सकी। बचे हुए रास्ते को बाद में बनाए जाने के बात कही गई थी इस संबंध में वार्ड वासियों ने पार्षद के साथ-साथ नपा अध्यक्ष से उक्त रोड को बनवाने की मांग की है ताकि लोगों को होने वाली परेशानी से छुटकारा मिल जाए। तो हॉकी इस रोड पर 9 घंटे पर मस्जिद स्थित है जहां लोग दिन में पांच बार नमाज ज्यादा करने जाते हैं और उन्हें इसी कीचड़ से गुजर कर जाना पड़ता है।

इस संबंध में पार्षद प्रतिनिधी वार्ड क्रमांक 1 इमरान खान (शानू) का कहना है कि रोड का एस्टीमेट बना हुआ है लंबे समय से नगरपालिका के निर्माण बंद थे इसलिए नहीं कार्य नहीं हो सका। अब काम दोबारा से शुरू हुए हैं मैंने नापा अध्यक्ष रेनू सुजीत गर्ग से रोड को बनाने की मांग की है उन्होंने आश्वासन दिया है कि रोड को शीघ्र ही बनवाया जाएगा।

खबर संक्षेप

घर में घुसकर सोने चांदी के जेवर चोरी कर ले गए

अशोकनगर। जिले के सेहराई थाने के अंतर्गत जनकपुर खिरिया निवासी हरिसिंह लोधी ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि अज्ञात चोर उनके घर से सोने चांदी के जेबर चोरी कर ले गए। जिस पर से पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ मामला दर्ज किया है।

युवक ने फांसी लगाकर की खुदकुशी

अशोकनगर। जिले के सेहराई थाने के अंतर्गत जस्सू पुत्र रंणधीर रजक उम्र 35 साल निवासी डोंगरा ने अपने ही घर में अज्ञात कारणों के चलत फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली। पुलिस ने मर्ग का मामला दर्ज किया है, मामले की जांच की जा रही है।

कूटरचित दस्तावेज तैयार कर जमीन अपने नाम कराने पर मामला दर्ज

अशोकनगर। जिले के ईसागढ़ थाने के अंतर्गत ग्राम छैवलाई थाना पिपरई निवासी दिनेश चंदेल पुत्र जगदीश सिंह ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि बाबूलाल लोधी निवासी विजयपुरा ने ईसागढ़ में कूटरचित दस्तावेज तैयार कर जमीन अपने नाम करा ली। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज किया है।

चंदेरी में युवक ने फांसी लगाकर की खुदकुशी

अशोकनगर। जिले के चंदेरी थाने के अंतर्गत राजेन्द्र सिंह पुत्र संतोष सिंह यादव ने बत्तीसी बावड़ी के पास जंगल में एक पेड़ पर फांसी लगाकर खुद कुशी कर ली। पुलिस ने मर्ग का मामला दर्ज किया है मामले की जांच की जा रही है।

मारपीट की घटनाओं के कई मामले दर्ज

अशोकनगर। जिले के विभिन्न क्षेत्रों में मारपीट की घटनाओं के कईं मामले दर्ज किए गये हैं। जिले के चंदेरी थाना क्षेत्र के अंतर्गत लालबावड़ी निवासी सियाबाई यादव ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी पिंकी अहिरवार,पिंकी की मां फैलू अहिरवार, श्रीराम आदि ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के चंदेरी थाना क्षेत्र के अंतर्गत जुगयाना मोहल्ला चंदेरी निवासी मुन्नीबाई अहिरवार ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी राजा, पप्पू और रूपाबाई अहिरवार ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के ईसागढ थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम महौली निवासी सुरेश ओझा ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी हटे, अरबिंद रामराजा, हेमन्त और छोटू लोधी ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के थाना क्षेत्र के अंतर्गत निवासी ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के सिटी कोतवाली थाने के अंतर्गत रवि अहिरवार निवासी बाल्मीक मोहल्ला ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि केसरी अहिरवार ,विशाल, लालाराम, छोटू, और दुर्गेश अहिरवार ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी।

फिट इंडिया योग और ध्यान कार्यक्रम आयोजित किया गया



अशोकनगर। शासकीय विधि महाविद्यालय अशोकनगर में फिट इंडिया योग एवं ध्यान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम महाविद्यालय की प्रभारी प्राचार्य डॉ. गरिमा राठौर की अध्यक्षता एवं नोडल अधिकारी डॉ. अनिल सिंह तोमर के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। कार्यक्रम में योगाचार्य शिवा शर्मा द्वारा महाविद्यालय के विद्यार्थियों एवं उपस्थितजनों को योग एवं ध्यान का अभ्यास कराया गया। उन्होंने योग के विभिन्न आसनों तथा ध्यान के माध्यम से शारीरिक एवं मानसिक स्वास्थ्य को बेहतर बनाए रखने के संबंध में जानकारी दी। इस अवसर पर महाविद्यालय के 30 विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। कार्यक्रम में बहादुर सिंह डावर, रिचर्ड डिंडोर, उर्मिला यादव, सुरभि नामदेव, बलवीर सिंह जाटव, अरविन्द जोशी, पवन लोधी एवं अभिषेक वाल्मीकि सहित महाविद्यालय के विद्यार्थी उपस्थित रहे।

जिला चिकित्सालय में प्रतिदिन सोनोग्राफी कराने के दिए निर्देश

केन्द्रीय मंत्री सिंधिया के निर्देश पर जिला अस्पताल का निरीक्षण करने पहुंचे कलेक्टर

हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर





केन्द्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया को शिकायतें मिलीं थी कि जिला अस्पताल अशोकनगर में प्रतिदिन सोनोग्राफी नहीं की जा रही है जिसके कारण महिलाओं को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। इस तरह की अन्य समस्याओं का भी उल्लेख किया गया था, जिसके बाद केन्द्रीय मंत्री सिंधिया के निर्देश पर कलेक्टर साकेत मालवीय जिला अस्पताल का निरीक्षण करने पहुंचे। इस दौरान उन्होंने मातृशक्ति की सुविधा सर्वोपरि सोनोग्राफी के लिए डॉक्टरों का दैनिक ड्यूटी चार्ट जारी, गर्भवती महिलाओं के लिए बैठने सहित अन्य सुविधाओं के पुख्ता इंतजाम किए जाने के निर्देश दिए। सिंधिया ने कहा है कि स्वास्थ्य सेवाओं में लापरवाही बर्दाश्त नहीं, मरीजों को सहज, समयबद्ध और सम्मानजनक चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराना पहली प्राथमिकता। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर साकेत मालवीय ने जिला चिकित्सालय में प्रतिदिन सोनोग्राफी की सुविधा उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। सोनोग्राफी कार्य के लिए आस्था अग्रवाल को प्रतिदिन नियुक्त किया गया है, जिससे मरीजों को समय पर सोनोग्राफी की सुविधा मिल सके। आस्था अग्रवाल पहले भी सोनोग्राफी लगातार करती आ रहीं थी किन्तु जिला स्वास्थ्य अधिकारी द्वारा प्रतिदिन के स्थान पर उनको दो दिन कर दिया गया था। जिसके कारण जिला अस्पताल आने वाली महिला रोगियों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा था। कलेक्टर ने जिला स्वास्थ्य अधिकारी के आदेश को निरस्त करते हुए अब एक नया आदेश जारी किया है जिसमें आस्था अग्रवाल को नियमित सोनोग्राफी के लिए पूर्व की तरह पदस्थ किया गया है। इस संबंध में कलेक्टर ने यह भी निर्देश दिए कि जिला अस्पताल में महिला रोग विशेषज्ञ डॉ.कीर्ति गोलिया और डॉ मनीषा यादव पदस्थ हैं, इमरजेंसी में उन्हें भी सोनोग्राफी करने के निर्देश दिए गए हैं।

सोनोग्राफी सेवाओं के लिए डॉक्टरों का दैनिक ड्यूटी चार्ट जारी

सोनोग्राफी सेवाओं को सुचारू एवं नियमित बनाने के लिए चिकित्सकों का दैनिक ड्यूटी चार्ट जारी कर दिया गया है। प्रशासन को निर्देश दिए गए हैं कि ड्यूटी चार्ट का शत-प्रतिशत पालन सुनिश्चित हो और मरीजों को जांच के लिए अनावश्यक परेशानी का सामना न करना पड़े। कलेक्टर ने मरीजों की सुविधा को दृष्टिगत रखते हुए चिकित्सालय में पर्याप्त बैठने की व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को आवश्यक स्थानों पर कुर्सियां लगाने के लिए कहा, ताकि उपचार एवं जांच के लिए आने वाले मरीजों और उनके परिजनों को असुविधा न हो। जिला अस्पताल में आने वाले मरीजो के लिए बैठने के लिए पर्याप्त मात्रा में कुर्सियों की व बैंचों की व्यवस्था नहीं हैं जिसके कारण मरीजो के साथ आने वाले मरीजों को तो परेशान होना ही पड़ता है साथ में मरीजों को पर्चा बनवाने के समय भी खड़े रहना पड़ता है। बेंचों की व्यवस्था नहीं होने के कारण मरीज परेशान होते हैं। यहां गर्भवती महिलाओं को सोनोग्राफी कराने के लिए नीचे बैठकर अपनी बारी का इंतजार करना पड़ रहा है अनेक महिलाओं को सोनोग्राफी कराने के लिए 15 दिन तक इंतजार करना पड़ता है। इस दौरान कलेक्टर ने जिला चिकित्सालय के ओटी का भी निरीक्षण किया तथा वहां चल रहे निर्माण कार्यों की जानकारी ली। जिला अस्पताल में एक ओटी पहले से है यह दूसरी ओटी थी जो पहले बनाई गई थी, इसमें आधुनिक सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए इसका नए सिरे से मोडिफिकेशन किया गया है। जिसमें आधुनिक सुविधाएं उपलब्ध कराईं गई हैं। ओटी का कार्य पूर्ण होने के उपरांत कलेक्टर ने उसे विधिवत हैंडओवर कराने के निर्देश सिविल सर्जन डॉ. बीएल टैगोर को दिए हैं। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर मालवीय ने जिला चिकित्सालय में उपलब्ध अन्य स्वास्थ्य सुविधाओं एवं व्यवस्थाओं की जानकारी भी ली।

राष्ट्रपिता महात्मा गांधी को किया गया नमन

अशोकनगर। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की जयंती के अवसर पर आज दिनांक 02 अक्टूबर 2026 को जिला न्यायालय, अशोकनगर परिसर में गरिमामय कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश एवं अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, अशोकनगर सतीश चंद्र शर्मा की अध्यक्षता में संपन्न हुआ। इस अवसर पर प्रधान न्यायाधीश, कुटुंब न्यायालय केशव मणि सिंघल, जिला न्यायाधीश सुनील कुमार कौशिक, जिला न्यायाधीश किशोर कुमार निनामा, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट किरण तुमराची धुर्वे, सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण मनीष अनुरागी, जिला विधिक सहायता अधिकारी हेमंत कुशवाहा सहित समस्त न्यायिक अधिकारीगण, सचिव अधिवक्ता संघ, अधिवक्तागण एवं न्यायालयीन कर्मचारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम के प्रारंभ में प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश एवं उपस्थित न्यायिक अधिकारियों द्वारा राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धासुमन अर्पित किए गए। इसके पश्चात उपस्थित सभी जनों द्वारा राष्ट्रगान का सामूहिक गायन किया गया।इस अवसर पर महात्मा गांधी के सत्य, अहिंसा, शांति, स्वच्छता एवं मानव सेवा के आदर्शों को स्मरण करते हुए उनके बताए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया गया।

स्वच्छ बीना का दिया संदेश

नगर पालिका ने सिविल अस्पताल परिसर में चलाया स्वच्छता अभियान

हरिभूमि न्यूज ⏭ बीना

राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की जयंती के अवसर पर 2 अक्टूबर को नगर पालिका द्वारा 'सेवा ही संकल्प' अभियान के अंतर्गत शासकीय सिविल अस्पताल परिसर में स्वच्छता अभियान चलाया गया।

नगर पालिका अध्यक्ष लता सकवार एवं उपाध्यक्ष रमाकांत बिलगैया के नेतृत्व में आयोजित अभियान में पार्षदगण, कार्यकर्ता, नगर पालिका के अधिकारी-कर्मचारी तथा प्रशासन एवं स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों ने सहभागिता की। इस अवसर पर एसडीएम, नायब तहसीलदार हेमराज मेहर, बीएमओ संजीव अग्रवाल, मुख्य नगर पालिका अधिकारी राहुल कौरव सहित अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। सभी ने मिलकर अस्पताल परिसर में स्वच्छता गतिविधियों में सहभागिता की और आमजन को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया।

नगर पालिका द्वारा नागरिकों से अपील की गई कि स्वच्छता केवल किसी विशेष दिवस तक सीमित न रहे, बल्कि इसे दैनिक जीवन का हिस्सा बनाया जाए। कचरा निर्धारित स्थान पर डालने, सार्वजनिक स्थानों को स्वच्छ रखने और स्वच्छता के प्रति जिम्मेदारी निभाने से ही शहर को स्वच्छ एवं सुंदर बनाया जा सकता है। गांधी जयंती पर आयोजित इस अभियान के माध्यम से नगर पालिका ने स्वच्छता ही सेवा का संदेश देते हुए स्वच्छ बीना–स्वस्थ बीना का संकल्प दोहराया।

गांधी जयंती पर 'सेवा ही संकल्प, सेवा ही संस्कार' के साथ मनाया गया कार्यक्रम

पिपरई। नगर परिषद पिपरई में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की जयंती के अवसर पर विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए। कार्यक्रम की शुरुआत महात्मा गांधी के चित्र पर दीप प्रज्वलित कर पुष्प अर्पित करने के साथ हुई। इसके बाद स्वच्छता अभियान के तहत नगर परिषद परिसर में साफ-सफाई की गई। साथ ही पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया गया। नगर परिषद में सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत 'सेवा मेरा योगदान' कार्यक्रम में सभी ने सहभागिता की। सेवा पखवाड़ा के अंतर्गत स्वच्छता अभियान चलाकर नगरवासियों को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया गया। वहीं पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण एवं नगर को हरा-भरा बनाने का संकल्प लिया गया। कार्यक्रम के दौरान कहा गया कि स्वच्छ, सुंदर एवं हरित नगर परिषद पिपरई के निर्माण के लिए सेवा भाव निरंतर जारी रहेगा।

सेवा संकल्प अभियान के तहत चला स्वच्छता अभियान



अशोकनगर। सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत शुक्रवार को तहसील कार्यालय अशोकनगर में स्वच्छता अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान तहसील कार्यालय परिसर में तहसील के अधिकारी- कर्मचारियों द्वारा सामूहिक रूप से साफ-सफाई की गई।स्वच्छता अभियान के तहत कार्यालय परिसर में साफ-सफाई करते हुए अनावश्यक कचरे को हटाया गया तथा परिसर को स्वच्छ एवं व्यवस्थित बनाया गया। अभियान में तहसील स्टाफ ने उत्साहपूर्वक सहभागिता करते हुए स्वच्छता के प्रति अपनी जिम्मेदारी का संदेश दिया। सेवा संकल्प अभियान के माध्यम से शासकीय कार्यालयों में स्वच्छ, सुव्यवस्थित एवं सकारात्मक वातावरण विकसित करने के उद्देश्य से इस प्रकार की गतिविधियां आयोजित की जा रही हैं।

साइकिल रैली निकालकर दिया स्वच्छता का संदेश

हरिभूमि न्यूज ⏭ बीना



राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की जयंती के अवसर पर हाउसिंग बोर्ड पार्क समिति मॉर्निंग वर्क आउट ग्रुप के सदस्यों द्वारा विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए। इस दौरान सदस्यों ने साइकिल रैली निकालकर नागरिकों को स्वच्छता एवं स्वस्थ जीवन का संदेश दिया। साइकिल रैली के पश्चात सभी सदस्य गांधी चौराहे पहुंचे, जहां राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी गई। इसके बाद समिति के सदस्यों ने हाउसिंग बोर्ड उद्यान में स्वच्छता अभियान चलाया और पार्क परिसर की साफ-सफाई की। इस अवसर पर समिति के सदस्यों ने स्वच्छ एवं स्वस्थ समाज के निर्माण के लिए नियमित रूप से स्वच्छता बनाए रखने और लोगों को इसके प्रति जागरूक करने का संकल्प लिया। कार्यक्रम में हाउसिंग बोर्ड पार्क समिति मॉर्निंग वर्क आउट ग्रुप बीना के सभी सदस्य उपस्थित रहे।

सेवा संकल्प अभियान के तहत कार्यक्रम आयोजित

गांधी जयंती पर स्कूलों में साफ-सफाई के साथ दिलाई गई स्वच्छता की शपथ







हरिभूमि न्यूज ⏭ बीना

सेवा संकल्प अभियान के तहत महात्मा गांधी एवं पूर्व प्रधान मंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती पर शहर के शासकीय एवं अशासकीय शालाओं सहित अन्य संस्थाओं में स्वच्छता कार्यक्रम आयोजित किए गए। प्रमुख आयोजन शहर के चार शासकीय स्कूलों में आयोजित किए गए। जिसमें शहर के जनप्रतिनिधि, भाजपा कार्यकर्ता एवं पदाधिकारियों ने हिस्सा लिया। कार्यक्रम में उपस्थित अतिथियों ने स्कूली बच्चों एवं स्टॉफ के साथ मिलकर स्वच्छता अभियान चलाया।

भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष राजेंद्र उपाध्याय ने बताया कि शहर के चार स्कूलों में मुख्य आयोजन आयोजित किए गए। जिनमें शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय क्रमांक -1, शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कमांक- 2, ग्राम हिरणछिपा स्थित शासकीय सांदीपनी विद्यालय एवं शासकीय कन्या उच्चर माध्यमिक विद्यालय में स्वच्छता कार्यक्रम आयोजित किए गए।

शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला कमांक -2 में विधायक निर्मला सप्रे, शहडोल संभाग प्रभारी गौरव सिरोठिया मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। जिन्होंने दीप प्रज्वलित कर बच्चों के साथ हाथों में झाड़ू लेकर स्कूल परिसर की साफ-सफाई कर स्वच्छता का संदेश दिया। इसी तरह शासकीय सांदीपनी विद्यालय में मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व विधायक डॉक्टर विनोद पंथी एवं नगर मंडल अध्यक्ष राजेंद्र उपाध्याय रहे। जिन्होंने कार्यक्रम में उपस्थित बच्चों को स्वच्छता के प्रति जागरूक करते हुए स्वच्छता की शपथ दिलाई एवं शपथ ली। शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में जनपद उपाध्यक्ष अमर प्रताप सिंह एवं शिक्षा, महिला बाल विकास सभापति भारती राय मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुई। जिन्होंने स्वच्छता का संदेश देते हुए परिसर की सफाई की और पौधारोपण भी किया। इसके अलावा शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय कमांक -1 में मुख्य अतिथि के रूप में नगर पालिका अध्यक्ष लता सकवार ने कार्यक्रम में हिस्सा लिया। कार्यक्रम के दौरान नगर पालिका उपाध्यक्ष रमाकांत बिलगैया, विजय हुरकट, जिला मंत्री आसमा जैन, महामंत्री आलेख राय, सचिन समैया, विजय लेखरा, शुभम तिवारी, सुरेंद्र सिंह ठाकुर, प्रदीप तिवारी, पहलाद यादव, अंकिता किंग, प्रियंका राय, राजाबाबू यादव, संतोष कुशवाहा, कृष्णा कुशवाहा, कमलेश अहिरवार, राकेश सुमन, राकेश सेन, मुकेश जन जैन आदि उपस्थित रहे।

